Rediffusion/Edelman

Coverage Report: TCS IT Wiz – Indore Edition

सॉफ्टवेयर से जुड़े सवालों में उलझे विद्यार्थी

इंदौर। लाइव रिपोर्टर

इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में करियर बनाने से पहले उससे संबंधित जटिल सवालों के जवाब भी देने होंगे, इसका जितना अंदाजा था तैयारी उससे भी कहीं ज्यादा की करनी पड़ी। कोर्स की किताबों से ज्यादा ध्यान पिछले दिनों सूचना प्रौद्योगिकी से जुड़े पहलुओं पर देना पड़ा, तब कहीं जाकर इस क्विज के सवालों के जवाब दे सके। यह कहना है उन विद्यार्थियों

का जो देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में हुए आईटी विज का हिस्सा बनने आए थे।

गुरुवार को ऑडिटोरियम में 'टीसीएस आईटी विज-2016' आयोजित किया गया। स्कूली विद्यार्थियों के लिए हुई इस स्पर्धा में करीब 1200 विद्यार्थियों ने भाग लिया। भविष्य में इंजीनियर बनने की चाह रखने वाले स्टूडेंट्स इस क्विज में सॉफ्टवेयर से जुड़े सवालों में उलझे रहे।